## खबर संक्षेप




### घासीदास जयंती पर मद्य निषेध दिवस 18 को

**कांकेर।** समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 18 दिसम्बर बाबा गुरू घासीदास जयंती को मद्य निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मद्य निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारतमाता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नशामुक्ति कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता विकसित किया जाएगा।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि धमतरी निवासी नमन चौहान का ईलाज के दौरान 11 दिसंबर को मौत हो गया। थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में ईलाज के दौरान 38 वर्षीय राधिका गोटा का ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। ईलाज के दौरान 11 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## निधन

### भारतराम साहू



**अंवरी।** ग्राम बंजारी निवासी भारतराम साहू उम्र 38 वर्ष का आकस्मिक निधन 11 दिसम्बर को हो गया। भारतराम रोशनीबाई के पति थे। वे अपना भरापूरा परिवार छोड़कर गये। उनकी अंत्येष्टि में शिवदयाल साहू, बिसौहाराम, चुनगु, टेकराम, रमन, भगत, लोकेश, रोशन, लोकनाथ, रितेश समेत अनेक लोग शामिल हुए।

### द्रौपदी बाई चक्रधारी



**मगरलोड।** ग्राम भोथीडीह निवासी द्रौपदी बाई चक्रधारी का 11 दिसंबर बुधवार को निधन हो गया। वे डेमन चक्रधारी, देवेन्द्र चक्रधारी की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

भारतीय किसान संघ के जिला प्रतिनिधिमंडल ने की कलेक्टर से शिकायत

# बीज निगम ने किसानों को थमाया मिट्टी, कंकड़ युक्त चना



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय किसान संघ के जिला प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर नम्रता गांधी एवं कृषि उपसंचालक से भेंटकर शासकीय एवं निजी क्षेत्र में किसानों पर हो रहे शोषण पर रोक लगाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

किसान नेताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार फसल चक्र परिवर्तन का आह्वान



कर रही है लेकिन किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। किसानों के साथ बीज निगम द्वारा धांधली की जा रही है। इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए वरना भारतीय किसान संघ ऐसे अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। संघ के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने बताया कि जिले की कृषि उपज मंडियों में किसानों से बोली के बाद धान भरने, कांटा, तौलाई चार्ज वसूला जा रहा है जबकि यह क्रेता की जिम्मेदारी है। किसानों से इस प्रकार शुल्क लिया जाना अनुचित है। उसे तत्काल बंद किया।

### गैर प्रमाणित बीज किसानों को बांटकर ठगी कर रहे

भारतीय किसान संघ के धमतरी जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, दुलार सिंह, प्रदीप, लोकनायक चंद्राकर ने 12 दिसंबर को कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि बीज विकास निगम द्वारा किसानों को सोसाइटियों के माध्यम से अमानक चना बीज वितरित किया गया। अपने साथ प्रमाण स्वरूप ले गए चना बीज को दिखाया। गाड़ाडीह समिति के माध्यम से 85 रुपए किलो में ग्राम उमरदा निवासी लोकनायक चंद्राकर को बेचे गये 9 कट्टा चना बीज से लिए गए सेंपल में कंकड़ ,पत्थर, काला दाना दाल साफ नजर आ रहा है। गैर प्रमाणित बीज को बोरे में भरकर किसानों को ठगने की शिकायत करने पर संबंधित अधिकारी बीज निगम मरौद के अधिकारी उक्त बीज को वापस लेने से इंकार कर रहे हैं।

### दलहन-तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग

सीएम को भेज गए ज्ञापन में संघ ने दलहन तिलहन फसल के लिए जिले की कृषि उपज मंडियों मेंसमर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था करने, सब्जी उत्पादक किसानों से विक्रय पर 10 फीसदी दलाली टैक्स की वसूली को पूरे प्रदेश स्तर में बंद कराने की मांग की है। मंडी स्तर पर लाइसेंस के माध्यम से निर्धारित दर पर बोली की जाए। इससे राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति एवं उपभोक्ता को सस्ती दर पर सब्जी उपलब्ध होगी। संबंधित अधिकारियों ने उपरोक्त मांगों का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

# विष्णुदेव की सरकार में लगातार हो रहे विकास कार्य : गोलछा

- धान खरीदी केंद्र सिहावा में मनाया गया सुशासन दिवस, किसानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

धान खरीदी केंद्र सिहावा में भाजपा शासन काल के एक वर्ष पूरा होने पर सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामलाल नेताम ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी, नेमसिंह साहू, सुभद्राबाई ध्रुव, छिपलीपारा बूथ अध्यक्ष बंशीलाल मौजूद थे। इस अवसर पर किसानों को शाल, श्रीफल भेंट



कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री गोलछा ने कहा कि छग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है। 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के रूप में की गई घोषणाओं में 80 प्रतिशत घोषणाओं को पूर्ण कर लिया गया है। विष्णुदेव की सरकार में छग में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। किसानों के हर वादों को पूरा करते हुए सरकार ने 2 साल का बोनस किसानों को दिया है। इसके अतिरिक्त इक्कतीस रूपए में धान खरीदी प्रारंभ की गई। टोकन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। इससे किसानों को खरीदी केंद्र में टोकन के लिए चक्कर लगाने से समय की बचत हो रही है। किसानों को आसानी से धान बेचने में सुविधा हो रही है। आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में किसान परेशान थे। कुछ न कुछ बहाना बनाया जाता था। बारदाने की समस्या बताई जाती है लेकिन हमारी सरकार में किसानों को धान खरीदी करने में किसी प्रकार का असुविधा नहीं हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही है। आगे कहा कि पिछली सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना को रोककर रखा था। हमारी सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान की गई। महिलाओं को 1000 महतारी वंदन की राशि हर माह दी जा रही है। जिससे हमारी माताएं बहनें सशक्त हो रही हैं। तेंदूपत्ता का भुगतान भी 5500 की दर से किया गया है। हमारी सरकार द्वारा बदहाल सड़कों को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम को समिति अध्यक्ष रामलाल नेताम, प्रेमलता नागवंशी, नेमसिंह साहू ने भी सम्बोधित किया। मौके पर समिति के प्रबंधक राजेश यदु, समिति में कार्यरत कर्मचारी, हमाल समेत क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# भखारा भठेली में शहीद वीर नारायण सिंह को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पंचायत भखारा भठेली में वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता की ठाकुरराम नेताम ने की। मंच संचालन सुग्रीव नेताम व आभार व्यक्त होमन सिंह कतलम ने किया। मौके पर कुलेश्वर ध्रुव, ईश्वर कंवर, रामप्रसाद कंवर, रोहित नेताम, अनुज नेताम, संतोष नगरची, रामप्रसाद ध्रुव उपस्थित रहे।

# राजिम में आज मनेगा प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव

- प्रदेश भर से गोस्वामी समाज के लोग जुटेंगे, शोभायात्रा के साथ होगा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

धर्मनगरी राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर परिसर में 14 दिसंबर को गोस्वामी समाज द्वारा प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव मनाया जायेगा। प्रातः 8 बजे भगवान दत्तात्रेय की मंत्रोच्चार के साथ पूजा -अर्चना के पश्चात 10.30 बजे भगवामय शोभायात्रा निकाली जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



राजिम विधायक रोहित साहू, विशिष्ट अतिथि रेखा सोनकर अध्यक्ष नपं राजिम, चन्द्रशेखर साहू सदस्य जिपं गरियाबंद, नूतनलाल साहू समाजसेवी राजिम, अति विशिष्ट अतिथि समाज के संस्थापक द्वय रमन गिरि एवं ओंकार पुरी तथा समाज के संरक्षक उमेश भारती होंगे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी करेंगे। मुख्य वक्ता श्याम गिरि भेण्ड्री एवं बाल विदुषी कीर्ति किशोरी भगवताचार्य भाटापारा होंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं एवं प्रेरणास्त्रोत बुजुर्गों का सम्मान, सनातन संस्कृति पर आधारित सामान्य ज्ञान क्विज सहित विविध कार्यक्रम होंगे।

यह जानकारी महासचिव भूपेन्द्र पुरी एवं प्रांतीय प्रवक्ता कामेश्वर पुरी ने दी है।

# मगरलोड में शराब खरीदने सड़क पर मेगा जाम

- सड़क किनारे दुकान संचालित होने से गंभीर दुर्घटना की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय से लगभग एक किलोमीटर दूर भरदा परसवानी, मेघा मार्ग में देशी विदेशी शराब दुकान संचालित है। शाम से लेकर देर रात्रि तक शराब खरीदने वालों की भीड़ से मार्ग में मेगा जाम हो जाता है। आने-जाने वाले लोगों को भीड़ से निकलना मुश्किल हो जाता है। शराब दुकान संचालित होने से गंभीर दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

ज्ञात हो कि उक्त स्थल पर पंजीकृत विदेशी शराब दुकान संचालित है। देशी शराब दुकान ब्लॉक मुख्यालय से दो किलोमीटर समीप ग्राम चुचरूंगपुर मार्ग पर संचालित है।



### अव्यवस्था पर नगर प्रशासन मौन

देशी -विदेशी शराब दुकान के सड़क किनारे संचालित होने से अव्यवस्था फैली हुई है। उक्त मार्ग से अधिकारी ,कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, तहसीलदार प्रतिदिन आवाजाही कर रहे हैं। अव्यवस्था देखने के बाद भी नगर प्रशासन मौन साधा है।

### स्कूली छात्र-छात्राएं व महिलाएं परेशान

शासकीय स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाली छात्र छात्राओं सहित महिलाओं को प्रतिदिन ब्लॉक मुख्यालय आना-जाना होता है। शराब दुकान में शराब लेने तथा समीप पीने, पिलाने के जमघट से स्कूली बच्ची व महिलाएं परेशान हैं।

भरदा परसवानी मेघा मार्ग में विदेशी शराब दुकान संचालित हैं किन्तु विगत दो माह पूर्व विदेशी शराब दुकान के बाजू में देशी शराब दुकान का काउंटर खुल गया है। सड़क किनारे देशी विदेशी शराब दुकान संचालित होने से मदिरा प्रेमियों की भीड़ से शाम को मड़ई मेला जैसा माहौल रहता है। सड़क किनारे सैकड़ों मदिरा प्रेमी जाम छलकाते बैठे रहते हैं। शराब दुकान के समीप का खेत पानी पाउज, डिस्पोजल से खराब हो रहा है। खेत में, नहर नाली समीप खुलेआम शराब पीने का कार्य होता है। पास में ही पेट्रोल पंप, प्राइवेट हॉस्पिटल, ट्रैक्टर शोरूम, हार्डवेयर एवं डेलीनीड्स की दुकान संचालित है।

### खुलेआम शराब सेवन पर प्रतिबंध को ठेंगा

आबकारी नीति के तहत खुले में शराब सेवन करना प्रतिबंधित हैं। किंतु ब्लॉक मुख्यालय के समीप पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे शासन की आबकारी नीति को खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है।

# रंगोली, पेंटिंग से बताई शासन की उपलब्धियां





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार के एक वर्ष होने के उलब्ध में प्रदेश सहित जिले में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में लाईवलीहुड कॉलेज में सुशासन पर निबंध, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नलजल मित्र, आत्मनिर्भर भारत, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी दी गई। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न बैचों का प्रशिक्षण जैसे डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर, सेविंग मशीन ऑपरेटर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, सुरक्षा गार्ड एवं नलजल मित्र कोर्स में लगभग 115 प्रशिक्षणार्थियों ने सुशासन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करना है।

# मानसिक रोगों की पहचान के लिए दिया गया प्रशिक्षण

- पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में अधीक्षकों के लिए पोस्टर एवं खेल गतिविधियां आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार किया जा रहा है। इसके तहत शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास नगरी में छात्रावास अधीक्षकों के लिए पोस्टर एवं अन्य खेल गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका उदेश्य बच्चों में होने वाले मानसिक रोगी के लक्षणों के प्रति जागरूक एवं



मानसिक रोगों की पहचान कर काउंसलिंग करना और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को समझना है। प्रशिक्षण में विभिन्न गतिविधियां कराई गई। भावना चक्र, सांप सीढ़ी का खेल, मैच बाक्स, भावनाओं को पहचानना, एकाग्रता को बढ़ाने विभिन्न खेल शामिल किए गए। यह प्रशिक्षण जिले के सभी छात्रावास में प्रारंभ किया जाएगा।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ. श्रीकांत चंद्राकर, दिव्या साहू, टुनम देवांगन, अकांक्षा लाला एवं लोकेश साहू उपस्थित थे।

सुशासन के एक साल पूरे होने पर बस स्टैण्ड में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी

# फोटो प्रदर्शनी को मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनसम्पर्क विभाग द्वारा बस स्टैण्ड धमतरी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाती दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में लोग फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं, जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इस अवसर पर विभाग द्वारा प्रकाशित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं संबंधी पुस्तक, पॉम्पलेट, ब्रोशर का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। गौरतलब है कि फोटो प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महतारी वंदन योजना, नलजल योजना, स्वास्थ्य



सुविधाएं बेहतर पहुंच रहीं जन-जन तक, प्रधानमंत्री आवास योजना, रामलला दर्शन योजना, कृषक उन्नति योजना, धान खरीदी का महापर्व, खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिल रहा प्रोत्साहन, गौमाता संरक्षण और सम्मान से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है।

**Pride of Dhamtari**
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### मोक्षी ने दी कला उत्सव में ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कला उत्सव में मोक्षी पाण्डेय ने एकल नृत्य के तहत ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति दी। मोक्षी ने बस्तर जिले में जिला स्तरीय में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय में चयन हुई थी, उसने अपने नृत्य से उन्होंने सभी का मन मोह लिया। राज्य स्तरीय कला उत्सव में चयन होने पर शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या श्रीमती मनीषा खत्री ने मोक्षी को शुभकामनाएं दी। उनके मार्गदर्शन में मोक्षी ने रायपुर राज्य स्तरीय में अपनी प्रस्तुति दी। मोक्षी कथक नृत्य के साथ-साथ ओड़िसी नृत्य में भी अपनी प्रस्तुतियां समय-समय पर दे रही हैं।

### गीता जयंती पर सतनामी समाज को भेंट किया भगवद् गीता



**जगदलपुर।** जगदलपुर। सर्व हिन्दू समाज के सचिव एल. ईश्वर राव ने गीता जयंती के पावन अवसर पर सतनामी समाज प्रमुखों से मिलकर भगवद् गीता भेंट किया। इस अवसर पर राव ने बताया कि गीता जयंती भगवद् गीता के उपदेश की स्मृति में मनाई जाती है, जो महाभारत के युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिए थे। मानव जीवन उत्कर्ष निमित्त भगवद् गीता का नियमित अध्ययन व चिन्तन-मनन करना चाहिए। इस दौरान विहिप के रवि ब्रम्हचारी, सतनामी समाज अध्यक्ष संतु बांधे, उपाध्यक्ष लाला लहरी, सचिव दिनेश बंजारे, उत्कल करण समाज अध्यक्ष सुनील दास, निर्मल यादव, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, बबला यादव मौजूद रहे।

### निगम कर्मी तीसरे दिन भी हड़ताल पर



**जगदलपुर।** नवयुक्त अधिकारी, कर्मचारी संघ नगरपालिक निगम जगदलपुर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसमें 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी शहर के कृषि उपज मंडी के पुराने परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

### छात्राओं ने किया पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ तथा विभागाध्यक्ष डॉ. आशीषधर दीवान और सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमलता मिंज की देखरेख में जिला पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बस्तर के प्राचीन इतिहास, विरासत और स्थानीय लोककला से अवगत कराना था। इस संग्रहालय में गामावाड़ा, दंतेवाड़ा से प्राप्त 4000 हजार वर्ष पुराना मेगालिथिक पुरास्थल के छायाचित्र, 5 वीं शताब्दी ई. से लेकर 14 वीं शताब्दी ई. तक की मूर्तियों को बस्तर जिला के अलग-अलग पुरातात्विक स्थलों से संग्रहित किया गया है।

### लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से बनाए गए थे काम्प्लेक्स

# लाखों की लागत से बने काम्प्लेक्स हुए जर्जर



● गुड़ियारी तालाब के पास वार्ड क्रं 12



● गायत्री मंदिर रोड पूर्व कृषि विभाग नगरी के बाजू



● बस स्टेंड की छत के काम्पलेक्स ऊपर वार्ड क्रमांक 7

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आम जनता से टेक्स लेकर उनकी सुविधाओं के लिए लाखों, करोड़ों रूपये के विकास कार्य की स्वीकृत प्रदान की जाती है। शासन की यही मंशा रहती है कि सुविधा का लाभ जनता ले पर नगर पंचायत नगरी में शासन की यह मंशा विपरीत दिखाई दे रही है। नगर पंचायत नगरी में लाखों रुपए की लागत से बनाए गए कांप्लेक्स का आज तक लोकार्पण नहीं हुआ है। नगर पंचायत नगरी में लोगों को रोजगार दिलाने व व्यवसाय से जोड़कर आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से शासन द्वारा लाखों रुपए की लागत से कांप्लेक्स का निर्माण किया गया था। कांप्लेक्स को बने 10 साल बीत गये। उपयोग नहीं होने से जर्जर हो चुका है। आसपास कचड़े का ढेर है।

बता दें कि नगरी बस स्टैण्ड नगरी से जंगल पारा रोड में कृषि विभाग कार्यालय के समीप 18 कांप्लेक्स का भवन निर्माण किया गया है। पांच साल बीत गए लेकिन कांप्लेक्स में शटर नहीं लग पाए। वहीं सिहावा रोड में गुड़ियारी तालाब के पास सात कांप्लेक्स बनाया गया है 10 वर्ष बीत गये। उपयोग नहीं हुआ।

#### अटल काम्प्लेक्स की नीलामी की जायेगी



इस मामले को लेकर आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत ने कहा कि अटल काम्प्लेक्स की नीलामी की जायेगी। लाखों रूपये से बना यह काम्प्लेक्स जर्जर हो गया है। उसकी मरम्मत में ही लाखों रूपये खर्च हो जायेगा। अध्यक्ष श्रीमती शुक्ला ने आगे कहा कि कृषि विभाग कार्यालय गायत्री मन्दिर के पास बने अटल काम्प्लेक्स भवन अधूरा इसलिए है कि बजट (स्वीकृति) राशि से अधिक कार्य हो गया है। पुराना बस स्टैंड में अटल काम्प्लेक्स भवन निर्माण कार्य जारी है।

#### नगर विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पेमन स्वणबेर ने कहा कि विगत 15 वर्ष से नगर पंचायत नगरी में भाजपा के लोग ही नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर आसीन रहे हैं। इनके पास भविष्य की कोई ठोस योजना नहीं होने का ही परिणाम है कि 15 वर्षों में नगर पंचायत में योजनाबद्ध तरीके से कार्य नहीं किया गया जिसके चलते आज यह स्थिति बनी हुई है। आम जनता के हित में शासन विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृत करता है पर नगर पंचायत नगरी में विकास कार्यों में कमीशनखोरी का खेल चलता है। वर्तमान में सिहावा रोड पर बना अटल काम्प्लेक्स भवन जर्जर हो चुका है। न ही लोकार्पण हुआ और न ही लोगों को अटल काम्प्लेक्स का आवंटन किया गया। वर्तमान में यह भवन खंडहर में तब्दील हो चुका है।

### युवा थीम पर आयोजित हुआ रासेयो शिविर

**धमतरी।** युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भोथापारा (माड़मसिली) में आयोजित किया गया था। शिविर में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ डीएस रघुवंशी पहुंचे थे। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न कैंप के बारे में बताया। शिविर के समापन अवसर पर स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्वयंसेवकों ने नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और नशामुक्ति अभियान के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। कार्यक्रम की अतिथि सरपंच श्रीमती शांति बाई कुंजाम एवं पंचगण तथा प्राचार्य जीआर साहू थे। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश डड़सेना ने कहा कि अगर आपको नौकरी करनी है तो सुबह 10 से शाम 5 काम करो। सेवा करनी है तो सुबह 6 से रात 10 तक काम करना पड़ेगा।

## संबलपुर में हरदिहा साहू समाज के भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम संबलपुर में बाजार शेड के पास छग हरदिहा साहू समाज के भवन के लिए भूमिपूजन मुख्य अतिथि सरपंच राजेश चन्द्राकर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीत कुमार साहू छग हरदिहा साहू समाज जिला अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि नीशु चन्द्राकर जिपं उपाध्यक्ष, तारेन्द्र चन्द्राकर जिला सहकारी समिति सम्बलपुर अध्यक्ष थे। कार्यक्रम का संचालन बीरबल साहू छग हरदिहा साहू समाज जिला सचिव ने किया।

कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष कन्हैया साहू, उपाध्यक्ष भीषम साहू, तामेश्वर साहू, सचिव राधेश्याम, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार साहू, संरक्षक गिरधर साहू, सोहनलाल साहू, केआर साहू, सेनि शिक्षक पटेल राम साहू, पचकौड़, राम साहू, सुरेश कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, पूनमचंद साहू, ईश्वर साहू, धीरेन्द्र साहू, टिकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी महेश कुमार साहू, अवधेश साहू, तरूण साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन अजीम प्रेमजी ने मुकाबला जीता

■ डीएफसी का आयोजन, जिलेभर की टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





धमतरी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में पीजी कालेज मैदान में इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट की शुरुआत की गई है। मैच के दूसरे दिन अजीम प्रेमजी स्कूल ने मुकाबला जीतकर ट्राफी अपने नाम की। बता दें कि यह टूर्नामेंट 25 दिसंबर तक चलेगा। कोच राजेश नायर ने बताया कि सभी टीमों के बीच लीग मैच होगा। मैच के दूसरे दिन अंडर 12 के बच्चों का मैच हुआ। पहला मैच विद्याकुंज स्कूल व सोरिद स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें दोनों टीम एक एक गोल की बराबरी पर रही। दोनों टीमों को एक- एक अंक दिया गया। इसके मुख्य निर्णायक निहाल सिन्हा, लायस साहू, धनराज रहे।

दूसरा मैच डीएफसी व अजीम प्रेमजी स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें अजीम प्रेमजी स्कूल की टीम ने एक गोल करके विजय प्राप्त की। अजीम प्रेमजी स्कूल को तीन अंक दिया गया। श्री नायर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में बालिका वर्ग में शासकीय स्कूल कुरूद, शासकीय स्कूल मगरलोड, धमतरी फुटबाल क्लब, अजीम प्रेमजी स्कूल, विद्याकुंज स्कूल तथा बालक वर्ग में डीपीएस स्कूल, मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल की टीम भाग ले रही है। सभी टीम 3-3 मैच खेलेगी। इस अवसर पर यशवंत साहू, निहाल सिन्हा, मोनू साहू, मानसु साहू, शिवराज साहू, तेज साहू उपस्थित थे।

## लापरवाही : छत में लगे सिंटेक्स की पाइप लाइन में रिसाव की लंबे समय से अनदेखी

### नपं भवन की पीडब्ल्यूडी शाखा की दीवार में सीलन, फाइलों के खराब होने की आशंका







हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पंचायत कुरुद भवन के पीडब्ल्यूडी शाखा की दीवार में आ रही सीलन से प्लास्टर उखड़ने लगा है। वहीं सटाकर कर खड़े फाइल स्टैंड में भी उसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। जिससे दफ्तर के फाइल स्टैंड में रखे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों एवं आय-व्यय का लेखा जोखा से संबंधित दस्तावेजों के खराब होने की आशंका है। नगर पंचायत के प्रशासक एवं जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

बता दें कि कुरुद नगर पंचायत भवन की छत में सिंटेक्स टंकी स्थापित है जिससे कनेक्शन कर भवन के भीतर विभिन्न स्थानों पर पानी पहुंचाने पाइपलाइन बिछाई गई है। जो करीब साल भर से अधिक समय से जगह- जगह लीकेज है। ज्यादा पानी टंकी के पास से ही रिसाव हो रहा है। जो कि न केवल छत को खराब कर रहा बल्कि पीडब्ल्यूडी शाखा की दीवार तक सीलन का असर दिख रहा है। दोनों तरफ अंदर व बाहर की दीवार सीलन की वजह से खराब होकर उखड़ना शुरू हो गया है एवं नमी बनी हुई है। वहीं पीडब्ल्यूडी शाखा में दीवार से सटाकर खड़े किये गये फ़ाइल स्टैंड तक इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। फाइलों में नमी के कारण फफूंद लगना शुरू हो गया जिससे नगर विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण एवं आय-व्यय की लेखा जोखा वाली फाइल के खराब होने की आशंका बनी हुई। इसकी मरम्मत करने अब तक वहां कुर्सी में बैठे किसी भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की और न ही किसी अधिकारी-कर्मचारियों का ध्यान गया है।

भानु चंद्राकर नेता प्रतिपक्ष नपं कुरुद ने कहा कि जिस भवन की कुर्सी में बैठे हैं, वहां के अध्यक्ष के पास अपना व्यवसाय करने के लिए समय है किंतु उन्ही के परिसर के भीतर जल, बिजली, साफ-सफाई आदि देखने के लिए समय नहीं है। मूलभूत समस्याओं से उनका दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है, उजागर हो रहा है। अपने आप में मदमस्त रहने वाले ऐसे गैर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि न नगर प्रशासन के लिए उपयुक्त है और न ही नगरवासियों के लिए।

तपन चंद्राकर अध्यक्ष नपं कुरुद ने कहा कि इस संदर्भ में मुझे अभी तक किसी द्वारा न ही कोई ध्यानाकर्षण करवाया गया है न ही इसकी शिकायत की है। इस तरह की समस्या अगर उस शाखा में बैठने वाले ने बताई है तो उन्हें पहले हमें बताना चाहिए। जब नगर की सारी मूलभूत समस्याओं को दूर कर रहे हैं तो जिस भवन में बैठते वहां की क्यों नहीं। खैर ऐसी कोई समस्या है तो इसे तत्काल ठीक करवाने सीएमओ को आदेशित करता हूं।

#### व्यर्थ बहता है पानी, भवन भी हो रहा खराब

**हरिभूमि** की नजर जब पीडब्ल्यूडी शाखा की दीवार में पड़ी नमी व उखड़ते प्लास्टर पर गई तो प्रश्न करने पर वहीं कार्यरत एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह समस्या साल भर से अधिक हो गई है। पानी भर जाने के बाद भी टंकी से पानी ओवरफ्लो होते रहता है जिसके कारण दीवार में पानी का रिसाव हो रहा है। उन्होंने छत पर ले जाकर दिखाया तो न केवल पानी टंकी (सिंटेक्स) से ही रिसाव हो रहा था बल्कि पाइपलाइन भी कई जगह से लीकेज हो रहा था। ऐसे में नगर पंचायत प्रशासन न केवल पानी का दुरुपयोग कर रहा है बल्कि ऐसे में सर्वसुविधायुक्त बने भवन की आयु को भी कम कर यहां मौजूद जरूरी कागजात के खराब होने की भी अनदेखी कर रहा है। जिसके लिए उच्च प्रशासन को इस पर ध्यान केंद्रित कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए।

## बच्चों को सरल तरीके से पढ़ाने जीव विज्ञान के व्याख्याताओं की लगी क्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

### व्याख्याताओं को प्रेजेंटेशन एवं असाइनमेंट के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में प्राचार्य प्रकाश राय के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के दिशा-निर्देश पर गणित विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में धमतरी जिले के चारों विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी से विज्ञान विषय के 121 व्याख्याता एवं 3 मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एनईपी 2020 के नियम एवं दिशा निर्देशों का वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में अनुपालन कराना है। एससीईआरटी रायपुर से डॉ. महेंद्र साहू, शोभा दुबे, टुकेश्वर साहू, रामनारायण साहू, आरडी साहू द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम दिवस माध्यमिक स्तर के बच्चों को समझना पर व्याख्यान शोभा दुबे ने दिया। सतत विकास लक्ष्य पर डॉ महेंद्र साहू ने चर्चा की। एनईपी 2020 पर डा.व्हीपी चंद्रा प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्यम स्कूल सिंगपुर मगरलोड ने व्याख्यान दिया। एनईपी 2020 परिचय, नीति एवं सिद्धांतों के बारे में व्याख्यान दिया। द्वितीय दिवस जीव जंतुओं के वर्गीकरण पर चर्चा हुई। व्याख्याताओं को ग्रुप में विभाजित कर प्रत्येक को प्रेजेंटेशन एवं असाइनमेंट द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं आईसीटी का अनुप्रयोग कर बच्चों को सरल तरीके से कैसे पढ़ाया जाए। डॉ साहू ने विज्ञान, केमिस्ट्री और भौतिक से रिलेटेड नए ऐप के बारे में जानकारी दी। वनस्पति शास्त्र में पुष्पी पौधों में निवेशन, अम्ल क्षार एवं लवण पर व्याख्यान टुकेश्वर साहू और आरडी साहू ने दिया। श्री खत्री ने डीएनए का रिप्लिकेशन लैक ऑपरोन जैसे कठिन टॉपिक को सरल तरीके से पढ़ाना सिखाया। सूक्ष्मदर्शी की सहायता से सेक्शन कटिंग जड़, तना, पत्ती को सूक्ष्मदर्शी से देखकर बच्चों को किस तरह से सरल करके बताया जाए इस पर शोभा दुबे ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आरएन साहू ने कार्बनिक यौगिकों के आईयूपीएसी नामकरण एवं हाइड्रोकार्बन पर चर्चा की। श्री खत्री ने स्रोत शिक्षक के रूप में जीव विज्ञान की बारीकियों को समझाया। समापन समारोह में नगरी डाइट के प्राचार्य प्रकाश राय ने प्रमाण- पत्र प्रदान किया। नगरी डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम ने एनईपी 2020 के दिशा निर्देशों का पालन कर बच्चों को 21वीं सदी के कौशलों से लैस करने एवं अच्छे नागरिक, वैश्विक मानव बनाने की जिम्मेदारी देने का सभी प्रशिक्षार्थियों से आव्हान किया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## भाजपा गंगरेल मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में लगभग 600 कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए। भाजपा शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रायपुर आगमन हो रहा है जिसमें भाजपा सरकार की 1 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे और आने वाले निगम और पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। उमेश साहू ने बताया कि रायपुर कार्यक्रम के लिए 3 दिन पहले से संगठन स्तर पर योजना बनाई गई जिसके आधार पर प्रत्येक गांव से कार्यकर्ताओं का जाना तय हुआ। सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कोर्रा में कौशल प्रशिक्षण शिविर 16 को

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में निःशुल्क प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण हेतु पंचायत क्षेत्र के युवाओं के चयन के लिए 16 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक ग्राम पंचायत भवन कोर्रा में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में कम्प्यूटर हार्डवेयर कोर्स में तत्काल बैच शुरू होगी। इसके लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

### सेमेस्टर परीक्षा 3 जनवरी से प्रारंभ होगी

**धमतरी।** पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2024-25 की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। एमए एमएससी एमकॉम



प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 3 जनवरी 2025 से प्रारंभ होकर 25 जनवरी तक चलेगी। एमएससी होम साईस तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 2 जनवरी प्रारंभ होकर 16 जनवरी तक चलेगी। पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22, 25, 29 जनवरी को आयोजित होगी। डीसीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 23, 28 एवं 31 जनवरी 2025 को होगी। बीबीए प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 2 जनवरी से प्रारंभ होकर 1 फरवरी 2025 तक चलेगी। परीक्षा प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी।

### असंवैधानिक आंकड़ों को लेकर आरक्षण का विरोध

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं नगरीय निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2024 की जनगणना जबकि अनुसूचित जाति जनजाति संवर्ग के लिए 2011 की जनगणना को आधार मानकर आरक्षण लागू किया जा रहा है। इसे एसटी एसी संयुक्त मोर्चा ने नाराजगी जाहिर की है। मोर्चा के जीवराखन मरई ने कहा है कि यह असंवैधानिक आंकड़ा है। जिले में वर्तमान अनुसूचित जनजाति की लगभग 37 प्रतिशत जनसंख्या है। धमतरी जिले में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए जनसंख्या के अनुपात में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच तथा पार्षद पदों को आरक्षित किया जाए। जिले में त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं नगरीय निकाय के लिए जनसंख्या अनुपात में आरक्षण लागू किया जाए। इस मामले को लेकर एसटी एससी संयुक्त मोर्चा द्वारा मंगलवार को गोंडवाना भवन से रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विरोध करने वालों में जीवराखन मरई, कपिल देशलहरे, रमेश लहरे, भावसिंह डहरे, पालनहार मेश्राम, संजय डागौर, अशोक मेश्राम, आशीष रात्रे, महेश रावटे, चन्द्रभान मेश्राम, इतवारी गावस्कर, एआर ठाकुर, माधव सिंह ठाकुर, शिव नेताम, जयपाल ठाकुर, रामेश्वर मरकाम, हर्ष मरकाम आदि शामिल हैं।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# जीवन में चुनौतियां आती हैं, घबराना नहीं उसका डटकर मुकाबला करें: नेहरूराम





## इंडोर स्टेडियम में कई विधाओं पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

स्थानीय इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया, जिसमें जिले भर के युवाओं ने लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी, नाटक लेखन, चित्रकला, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प आदि विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद थे। विशिष्ट अतिथि विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक रंजना साहू थे। मंच पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित अन्य थे।

मुख्य अतिथि श्री निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि यह मंच प्रतिभाओं के प्रदर्शन का है। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया। जीवन में चुनौती आती है लेकिन उसका डटकर मुकाबला करने से सफलता मिलती है। युवाओं को इससे घबराना नहीं है। भारत युवाओं का देश है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं का योगदान जरूरी है।

विधायक ओंकार ने कहा कि युवाओं को मंच मिलने से प्रतिभा में निखार आती है। युवा उत्सव भी एक ऐसा मंच है जो सभी वर्ग के लोगों को एक समान मौका देता है।

**• सामूहिक लोकनृत्य में वेदप्रकाश की टीम प्रथम**

सामूहिक लोकनृत्य में प्रथम वेदप्रकाश व साथी धमतरी, द्वितीय हेमंत एवं साथी नारी, सामूहिक लोकगीत में प्रथम धनेन्द्र एवं साथी धमतरी, द्वितीय देविका एवं साथी कुरूद, एकल लोकनृत्य में प्रथम ऐश्वर्या एवं साथी मगरलोड, द्वितीय कल्याणी एवं साथी नगरी, एकल लोकगीत में पूनम एवं साथी धमतरी प्रथम, द्वितीय लोकेश्वरी ध्रुव एवं साथी मगरलोड, कहानी लेखन में प्रथम योगिता साहू कुरूद, द्वितीय मधुराज सिन्हा धमतरी, चित्रकला में प्रथम परमेश्वर साहू नगरी, द्वितीय अवधराम कुरूद, कविता में प्रथम अंकिता ध्रुव धमतरी, द्वितीय कुंती साहू मगरलोड, विज्ञान मेला में प्रथम प्रिया ढीमर धमतरी, द्वितीय ट्विंकल साहू मगरलोड, विज्ञान मेला सामूहिक में टेसला टीम धमतरी प्रथम, द्वितीय कुमकुम एंड ग्रुप, हस्तशिल्प में रेश्मती निषाद धमतरी प्रथम, प्रियम यादव मगरलोड द्वितीय, कृषि उत्पाद में देवप्रसाद धमतरी प्रथम, सिया कृषि उत्पाद समिति कुरूद द्वितीय रहे। जिला स्तरीय में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रदर्शन करेंगे।

विधायक अंबिका ने कहा कि मंच के माध्यम से ही सफलता मिलती है। युवा वर्ग मेहनत करें और अपनी प्रतिभा निखारें। पारंपरिक खेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

पूर्व विधायक रंजना ने कहा कि सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भरपूर सहयोग कर रही है। इसका लाभ लें। प्रतिभागी विजेताओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## सेजेस कंडेल में हुई निबंध, रंगोली स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार के प्रथम वर्ष पूर्ण होने जा रही है। इस उपलक्ष्य में विभिन्न विभागों द्वारा प्रथम वर्ष की उपलब्धियों को सामने जनता के सामने रखा जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न स्कूलों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की एक वर्ष की उपलब्धि की छवि स्कूली बच्चों द्वारा रखी गई। धमतरी के सेजेस कंडेल के छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा निबंध, रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, खेलकूद जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सेजेस कंडेल के प्राचार्य राहुल नेताम, नंदिनी गोरले सहित छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## गोकुलपुर में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 18 से

■ कलश यात्रा के साथ महोत्सव का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





श्रद्धा प्रज्ञा सत्संग समिति गायत्री परिवार गोकुलपुर रुद्री महिला मण्डल द्वारा 18 से 22 दिसंबर तक पांच दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन गायत्री पब्लिक स्कूल के पास रुद्री रोड गोकुलपुर धमतरी में रखा गया है।

प्रवचनकर्ता युग पुरोहित शांतिकुंज हरिद्वार होंगे। आयोजन के मुख्य संरक्षक माखनलाल साहू ने बताया कि प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से भव्य मंगल कलश यात्रा एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा होगी। द्वितीय दिवस प्रातः 8 बजे से 12 बजे देव स्थापना एवं गायत्री महायज्ञ, दोपहर 2 बजे से प्रज्ञा पुराण होगा। तृतीय दिवस प्रातः 9 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार होगा। सामूहिक विवाह दिवस संस्कार मनाया जाएगा जिसमें पति पत्नी दंपति को विशेष आमंत्रित किया गया है।

दोपहर 2 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा होगी। चतुर्थ दिवस प्रातः 9 बजे से 12 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विशाल पुंसवन संस्कार का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा होगी। अंतिम दिवस 22 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं गुरु दीक्षा संस्कार, पुर्णाहुति के बाद भोजन प्रसादी एवं प्रज्ञा पुत्रों की विदाई होगी। यह जानकारी दिलीप नाग ने दी है।

## अंबेडकर वार्ड में चायवाली ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर निगम के अंबेडकर वार्ड में शत्रुघ्न पांडे के घर से रेणु देवांगन घर तक बनने वाले सीसी सड़क का भूमिपूजन पार्षद राजेंद्र शर्मा की पहल पर शास्त्री चौक पर चाय का ठेला लगाकर चाय बेचने वाली शशि साहू ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी शत्रुघ्न पांडे ने की। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि जो समाज में अपनी मेहनत, लगन, निष्ठा व सकारात्मक सोच के कारण जाने जाते हैं। वही सच्चे सम्मान के होते हैं।

मौके पर कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, गांधीराम साहू, देवेंद्र देवांगन, मदन लाल दीवान, संजय सहारे, भरत देवांगन, पी. लारेंस, बलदेव साहू, विक्रम दीवान, विजय बाघमरिया, अजय बाघमरिया, दीपकिरण साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस दौरान ललिता नाडेम ने शशि साहू का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

## विश्व पटल पर चमकेगा सिरपुर : रुपकुमारी

■ सांसद ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से सिरपुर में पर्यटन संबंधी संभावनाओं के विकास के लिए सहयोग मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



महासमुंद सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंटकर महासमुंद लोकसभा अंतर्गत सिरपुर नगर में शोध सर्वे एवं उत्खनन के साथ-साथ सिरपुर को विश्व धरोहर में सम्मिलित करने और पर्यटन संबंधी संभावनाओं के विकास के लिए सहयोग मांगा। केंद्रीय मंत्री ने सिरपुर नगर के विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का विश्वास दिलाया है।

सांसद ने बताया कि सिरपुर में नए सिरे से शोध सर्वे एवं उत्खनन और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि वर्तमान स्थापित ग्राम वासियों को कोई समस्या न हो।

हाल ही में सांसद श्रीमती चौधरी ने सिरपुर विकास अभिकरण साडा के सीईओ वाय चंद्रशेखर राव के साथ ही सिरपुर में नासा की मदद से सैटलाइट द्वारा भूमिगत सर्वेक्षण का कार्य करने वाले भू-वैज्ञानिकों के साथ ही सिरपुर में शोध कर रहे इतिहासकारों से भेंटकर विषय की पूरी जानकारी ली थी और उन्हें आगे शोध, विकास एवं उत्खनन के लिए पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया था। 21 नवंबर को महासमुंद में सांसद श्रीमती चौधरी ने सिरपुर की जानकारी को विश्व के कोने- कोने तक पहुंचाने के लिए निर्मित वेबसाइट का उद्घाटन भी किया था।

## सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में सेवानिवृत्त आचार्य सोनसाय साहू एवं श्रीमती गौरी शर्मा को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के अध्यक्ष शिरोमणि राव घोरपड़े थे। अध्यक्षता समिति के व्यवस्थापक कृष्णकुमार रणसिंह, प्राचार्य महेश सपहा ने की। सेवानिवृत्त आचार्य सोनसाय साहू एवं श्रीमती गौरी शर्मा ने इस विद्यालय में लम्बे सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया।

अतिथियों तथा वरिष्ठ आचार्य प्रदीप यादव एवं श्रीमती किरण होल्कर ने निवृत्तमान आचार्य, दीदी के योगदान की प्रशंसा की। समारोह का संचालन वरिष्ठ आचार्य केवलसिंह साहू ने किया।

## हरित महाकुंभ अभियान एक अनूठी पहल : रंजना



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जनवरी माह में उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में लगने जा रहे महाकुंभ को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की अनूठी पहल की जा रही है। महाकुंभ 2025 को प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुल्हड़, दोने, पत्तल व कपड़े और जूट के थैलों के प्रयोग करने का आव्हान किया है जिसके तहत एक थाली एक थैला अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में धमतरी में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा एक थाली एक थैला अभियान के नगर संयोजक शैलेश चंद्राकर, बठेना बस्ती पालक विजय ठाकुर, टोली प्रमुख महावीर सिन्हा, टोली सदस्य कोमल सार्वा, त्रिलोकी मीनपाल, अमित साहू, पप्पू निर्मलकर ने पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू एवं डीपेंद्र साहू से मिलकर यह अभियान चलाया। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि कुंभ में जाएं तो थाली और थैला साथ लेकर जाएं। प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान, प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों से पर्यावरण को बचाने और स्वच्छता बढ़ाने के लिए इस अभियान में जुड़ने की आवश्यकता है। एक थाली एक थैला अभियान अद्वितीय पहल है।

### कचना में हुआ किसानों का सम्मान

**जीजामगांव।** कचना कृषि साख सहकारी समिति में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मान कार्यक्रम रखा गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहित जैन, समिति सुपरवाइजर ललित देवांगन, समिति प्रबंधक बंशी निषाद ने कृषकों को किसान उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अलावा अन्य मद में दिए जाने वाले अल्प और लघुऋण के बारे में जानकारी दी। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष अलखराम साहू ने कृषकों को समिति से जुड़कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान कृषक लीलाराम साहू, पीलूराम यादव, कामताप्रसाद साहू, चोवाराम साहू, केदार साहू, भूखनराम साहू, अशोक साहू, यशवंत साहू, जितेंद्र साहू, झामुराम चक्रधारी, प्रेम निषाद का सम्मान कचना के कर्मचारी उमेंद्र धीवर, कमलेश साहू, रितेश्वर साहू ने श्रीफल भेंटकर किया।

## रक्तवीरों को दिया गया ब्लड डोनर कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



जरूरतमंदों को रक्त देने वाले रक्तवीरों को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा जिला अस्पताल में ब्लड डोनर कार्ड प्रदान किया गया।

इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा रक्तदान के प्रति लोगों को जागरुक करने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर लिखा ब्लड डोनर कार्ड रक्तवीरों को प्रदान किया गया। इस कार्ड में अंकित आपातकालीन नंबर हमेशा लोगों के पास उपलब्ध रहेगा। इमरजेंसी की स्थिति में तत्काल इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

कार्ड में रक्तवीर का नाम, पता, मोबाइल नंबर व पुलिस कंट्रोल रूम, महिला हेल्पलाइन नंबर, महतारी एम्बुलेंस, रक्तदान ग्रुप एम्बुलेंस सेवा, बिजली विभाग, फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व सुझाव के लिए नंबर लिखे हुए हैं। किसी प्रकार की घटना या दुर्घटना होने पर शासन- प्रशासन से इन नंबरों के माध्यम से सूचित कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कार्ड विजिटिंग कार्ड की तरह है जिसे लोग अपनी जेब, मोबाइल व पर्स में आसानी से रख सकते हैं। लोगों को जागरुक करने के लिए ब्लड डोनर कार्ड देकर रेडक्रास ने एक नई पहल की है।



## कोपेडीह से 80 लीटर महुआ शराब जब्त



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि भखारा के ग्राम कोपेडीह में दल द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 80 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। साथ ही महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त बोरियों में 1600 किग्रा लाहन (कुल कीमत 80 हज़ार रुपए) को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा, निशांत साधु सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





